उससे कहो कि बात करे, छाया में जाए, बैठे और अपना रोज़ा पूरा करे।

इब्ने अब्बास -रज़ियल्लाहु अन्हुमा- कहते हैं कि अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ख़ुतबा दे ही रहे थे कि आपने एक व्यक्ति को खड़ा देखा, तो लोगों से उसके बारे में पूछा। लोगों ने कहा : वह अबू इस्राईल है। उसने मन्नत मानी है कि वह धूप में खड़ा रहेगा। न बैठेगा, न छाया लेगा और न बोलेगा तथा रोज़ा रखेगा। यह सुन नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया : "उससे कहो कि बात करे, छाया में जाए, बैठे और अपना रोज़ा पूरा करे।"
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/5835